एक नजर में

जैन मिलन महिला शाखा का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

ग्वालियर, 3 जुलाई. जैन तीर्थ रक्षा अभियान 2025 के अंतर्गत जैन मिलन महिला, फालका बाजार शाखा द्वारा तिकोनिया पार्क, शिवाजी पार्क(राम मंदिर चौराहा) में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस वृक्षारोपण अवसर पर अनार, अमरूद, नीम, जामुन, चंपा, हरसिंगार, अशोक, आम, शहतूत, नींबू, विद्या व चमेली जैसे पौधे लगाए गए। बहनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों की सेवा व संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम में निर्मल जैन, रेखा जैन, चंदा जैन, संतोष जैन, रानी जैन व प्रीति जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शाखा अध्यक्ष अंजू शैफाली जैन व शाखा सचिव इन्दु जैन के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

क्लियरमेडी परिधि हॉस्पिटल में निशुल्क ओपीडी 4 एवं 5 को

ग्वालियर । शहर के सिटी सेंटर क्षेत्र में स्थित क्लियरमेडी परिधि मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निशुल्क ओपीडी का आयोजन 4 एवं 5 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। इस निशुल्क ओपीडी में मरीजों को क्लियरमेडी परिधि मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ डॉक्टर्स का निशुल्क परामर्श प्राप्त होगा। निशुल्क ओपीडी में वरिष्ठ चिकित्सक के परामर्श के अलावा विभिन्न प्रकार की जांचों की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस दौरान सभी प्रकार की पैथोलॉजी टेस्ट पर मरीजों को 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। इस दो दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ मरीजों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्लियरमेडी परिधि मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की दो दिवसीय ओपीडी के दौरान मरीजों को सभी प्रकार की पैथोलॉजी टेस्ट पर 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। वहीं बीपी, आरबीएस एवं एसपीओ 2 की जाचें निशुल्क की जाएंगी। वहीं एक्स रे एवं अल्ट्रासाउंड पर मुफ्त स्क्रीनिंग की सुविधा रहेगी। इस दौरान सीटी स्कैन एवं इंडोस्कोपिक जांचों पर मरीजों को 50 फीसदी की रियायत प्रदान की जाएगी। क्लियरमेडी परिधि मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के दो दिनी ओपीडी में जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, यूरोलॉजी, ऑर्थो ट्रामा, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, कैंसर की सर्जरी, कीमोथेरेपी, न्यूरो सर्जरी, इंटरनल मेडिसिन, प्रसूति एवं स्त्री रोग, स्पोर्ट्स इंज्यूरी, प्लास्टिक सर्जरी, वैस्कुलर सर्जरी, नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजी आदि के विशेषज्ञ डॉक्टर्स परामर्श के लिए मौजूद रहेंगे। ओपीडी का फायदा लेने के लिए मरीजों को एडवांस रजिस्ट्रेशन कराना आनिवार्य होगा।

अमरनाथ यात्रा में बालटाल मनीग्राम बेस कैंप शुरू

ग्वालियर। बाबा बर्फानी सेवा समिति, ग्वालियर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चौथा लंगर सेवा का कार्य बालटाल मनीग्राम बेस कैंप पर सफलतापूर्वक प्रारंभ हो चुका है।समिति के महेंद्र भदकारिया ने बताया कि सेवा में समर्पित हमारे सेवाभावी सदस्य तन, मन, धन से यात्रियों की सेवा में लगे हुए हैं। भोजन, जल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से सतत जारी हैं।

पति-पत्नी मिलकर करें संकीर्तन, कभी नहीं होगा गृहक्लेश : नवीन बिहारी

ग्वालियर। आजकल गृहस्थी में तनाव और क्लेश आम समस्या हो गई है,लेकिन जिस घर में पति-पत्नी मिलकर भगवान के नाम क ा संकीर्तन मिलकर करते हैं, उस घर में कभी क्लेश नहीं होता और आनंद ही आनंद रहता है। बच्चों को भी साथ बैठाकर पूरा परिवार कुछ पल नाम संकीर्तन करें, तो घर में खुशहाली छा जाएगी और बिना मांगे सब कुछ मिल जाएगा। यह विचार नवीन बिहारी महाराज ने कोयला वाले हनुमान मोतीझील पर आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान गुरूवार को व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि हमें भगवान नाम के संकीर्तन का समय नहीं मिलता, वे बहानेवाजी करते हैं, क्योंकि भगवान नाम के संकीर्तन के लिए अलग से समय की जरूरत ही नहीं है। अपने नित्य काम करते हुए नाम संकीर्तन किया जा सकता है। घर की सफाई करते, कपड़े धोते, खाना बनाते और वाहन चलाते भगवत नाम का संकीर्तन किया जा सकता है। सदैव मन में भगवान का स्मरण करते रहें, जीवन कल्याणकारी हो जाएगा। नवीन बिहारी महाराज ने बताया कि शाम के समय कभी शयन नहीं करना चाहिए,ऐसा करने से अगले जन्म में अजगर यौनि मिलती है। जिनके पति परदेश में हैं, ऐसी स्त्रियों को संध्या समय श्रृंगार भी नहीं करना चाहिए। यहां तक की संध्या समय पढना भी नहीं चाहिए। इस मौके पर मंदिर के चरण सेवक संतोष भैया, कथा संयोजक प्रेम बरोनियां, कथा परीक्षत सुंदरलाल दीवान, लीलावती बघैल, रूमाली आदराम, टीकाराम,रामबेटी समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

500 मरीजों ने उठाया निशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ

ग्वालियर। उत्तम स्वास्थ्य जीवन की अमूल्य संपदा है। अच्छे स्वास्थ्य के बिना जीवन में किसी भी प्रकार की खुशी या सफलता प्राप्त करना मुश्किल है। ग्वालियर हेल्थ कार्निवाल केवल एक स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि शहर के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। देश के प्रतिष्ठित अस्पतालों और विशेषज्ञ डॉक्टरों को एक ही छत के नीचे लाकर इस मेडिकल कार्निवल ने आमजन को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। यह बात भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने ग्वालियर हेल्थ कार्निवल 2025 के दूसरे दिन का शुभारंभ करते हुए कही। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, एफपीएआई जनरल मैनेजर नीलम दीक्षित, हाईकोर्ट मेडिटर मनीषा शुक्ला, इंदरगंज थाना प्रभारी दीप्ति तोमर, विनोद पचौरी एवं डॉ. अंजलि शाइन कादरी मंचासीन रहे। स्वागत भाषण कार्यक्रम के आयोजक डॉ. देवेंद्र सिंह कुशवाह ने दिया। उन्होंने बताया कि गुरुवार को 15 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विभिन्न बीमारियों के लिए निशुल्क चिकित्सा सेवाएं दीं। इस मौके पर 500 से अधिक रोगियों का परामर्श किया अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी एफपीएआई अच्छेद्र सिंह कुशवाह एवं आभार हरीश पाल ने व्यक्त किया। शिविर में डॉ. आशीष चौहान कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. स्नेहलता दुबे स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. निर्मला कंचन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. शिवांश कंचन चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ. इशांत शर्मा न्यूरो फिजिशियन, डॉ. मयंक जैसवानी न्यूरोसर्जन, डॉ. रमाकांत रावत गैस्ट्रोलॉजिस्ट, डॉ. प्रताप सिंह चौहान एमडी मेडिसिन, डीआर प्रबल प्रताप सिंह दंत रोग विशेषज्ञ सेवाएं दी.

प्रभारी मंत्री सिलावट आज से ग्वालियर के दो दिवसीय प्रवास पर

ग्वालियर 3 जुलाई. जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट 4 जुलाई को ग्वालियर के दो दिवसीय प्रवास पर आयेंगे। श्री सिलावट इस दिन प्रात-काल लगभग 7 बजे रेलमार्ग द्वारा ग्वालियर पहुँचेंगे। श्री सिलावट 4 जुलाई को प्रात- 10 बजे बाल भवन पहुँचकर प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिले के विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि वितरित करने के लिये आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। श्री सिलावट इस दिन शहर की सड़कों का निरीक्षण भी करेंगे। साथ ही अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। ग्वालियर में 5 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट भी शामिल होंगे। ग्वालियर में अन्य विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद श्री सिलावट सायंकाल 7 .50 बजे ग्वालियर रेलवे स्टेशन से रेलमार्ग द्वारा इंदौर के लिये प्रस्थान करेंगे।

युवक को युवती ने जमकर पीटा, कपड़े भी फाड़े

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 जुलाई. शहर की सड़क पर बीते रोज उस समय हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब एक युवती द्वारा महिला के साथ जा रहे युवक से गाली गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दी। जिसने उसे जमकर पीटते हुए उसके कपड़े भी फाड़ दिए। इस पूरी घटना का लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवती द्वारा महिला के साथ जा रहे युवक के साथ मारपीट की जा रही है। जो उसे गंदी- गंदी गालियां भी दे रही है। काफी देर तक उसे पीटते हुए वह युवक के

कपड़े तक फाड़ देती है। उक्त वीडियो में बीच सड़क पर हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा ग्वालियर थाना क्षेत्रांतर्गत कोटेश्वर रोड का बताया जा रहा है। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक युवती अपने पति को छोड़ चुकी है, जिसके उक्त युवक से विगत नौ वर्षों से संबंध थे। युवक भी विवाहित है। जो बीते रोज अपनी पत्नी के साथ जा रहा था, जब युवती ने उसे पत्नी के साथ देखा, तो उसने हंगामा कर दिया। ग्वालियर टीआई मिर्जा आसिफ बेग ने बताया कि घटना संज्ञान में लेकर इसकी पड़ताल की जा रही है।

समरसता सम्मेलन से भाजपा देगी कांग्रेस के सत्याग्रह का जवाब

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 जुलाई. हाईकोर्ट परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा हाल ही में किए गए सत्याग्रह का जवाब देने के लिए भाजपा द्वारा 5 जुलाई को ग्वालियर में समरसता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित प्रदेश के अन्य मंत्री भी आएंगे। भाजपा इस आयोजन के जरिए यह बताएगी कि कांग्रेस किस तरह से डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को लेकर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास कर रही है। जिस विवाद को वह तूल दे रही है वह न्यायालय परिसर का मामला है, जिसमें उसने एंट्री करते हुए यह जताने की कोशिश की है कि भाजपा अंबेडकर विरोधी है। इसलिए भाजपा समर्थित लोग यहां डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित नहीं होने दे रहे हैं। भाजपा यह बताना चाहती है कि कांग्रेस सिर्फ एक मूर्ति की बात कर रही है जबकि भाजपा सरकार तो ग्वालियर में डॉ. अंबेडकर के सम्मान में पूरा अंबेडकर धाम ही बना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस निर्माणाधीन धाम का हाल ही निरीक्षण कर चुके हैं। ग्वालियर के जौरासी में 20 करोड़ की लागत से यह यह अंबेडकर धाम बन रहा है। भाजपा लगातार अंबेडकर को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। भाजपा सरकार ने बौद्ध समुदाय को जोडने के लिए बुद्ध युनिवर्सिटी भी बनाई है। इस धाम के द्वितीय चरण के लिए 12 करोड 16 लाख रुपए मंजूर किए जा चुके हैं।

जौरासी में स्थापित हो रहा डॉ. अंबेडकर धाम को बाबा साहब के विचारों के अनुरूप सामाजिक न्या, समरसता और समानता के सिद्धांतों को जनजन तक पहुंचाने का काम करेगा। इस धाम में बाबा साहब की स्मृतियों को संजोया जाएगा। यहां प्रथम चरण में 6 म्यूजियम हॉल, एक लाइब्रेरी, एक ऑडिटोरियम एवं म्युजियम शॉप आदि का निर्माण किया जा रहा है। दूसरे चरण में इस धाम के प्रांगण में गेस्ट हाउस और अन्य निर्माण कार्य होंगे। यहां लाइट एण्ड साउण्ड कार्यक्रम भी होगा। सम्मेलन में शांति समिति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को फोकस किया जाएगा।

आपने कहा

5 जुलाई को होने वाले समरसता सम्मेलन में मुख्यमंत्री आ रहे हैं। वहीं इस अवसर पर शहर में अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

जयप्रकाश राजौरिया, जिलाध्यक्ष

अहम का त्याग कर अर्हम की साधना है चातुर्मास : साध्वी लयस्मिता श्रीजी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 जुलाई. श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संस्थान कमेटी ग्वालियर के चिंतामणि पार्श्वनाथ जिनालय सराफा बाजार में आज प्रात: 9:15 पर इस वर्ष का चातुर्मास करने के लिये छत्तीसगढ़ रत्न शिरोमणि महत्तरा

जैन श्वेताम्बर साध्वी जी भगवंतो का सराफा बाजार उपाश्रय भवन में हुआ चातुर्मासिक प्रवेश

पद विभूषिता, प. पू. मनोहर जी म.सा. की विदुषी सुशिष्याएं युवा संस्कार भारती प.पू. साध्वी श्री लयस्मिता श्रीजी म.सा., प.पू. साध्वी श्री अमीवर्षा श्रीजी म.सा., प.पू. साध्वी श्री भव्योदया श्रीजी म.सा., प.पू. साध्वी श्री गुणोदया श्रीजी म.सा., प.पू. साध्वी श्री जिनवर्षा श्री जीम.सा. आदि ठाणा - 5 का भव्य चार्तुमासिक नगर प्रवेश हुआ।

श्रीसंघ के अध्यक्ष-तिलकराज जैन, सचिव-लोकेश शाह, कोषाध्यक्ष- सुशील श्रीमाल, सहसचिव-चैतन्य कोठारी, वरिष्ठ ट्रस्टी-गजेन्द्र गुगलिया, संजीव पारख, ट्रस्टी-भूषण बांठिया, हर्षित नाहटा ने बताया कि रांची (झारखण्ड) से पद विहार करते हुये दिल्ली, आगरा, बटेश्वर, शौरीपुर तीर्थ, अटेर, भिण्ड, मेहगांव, गोहद, मालनपुर होते हुये ग्वालियर में साध्वी श्री का आज प्रात: गाजे-बाजे के साथ नगर प्रवेश जलुस कटीघाटी दादाबाड़ी से प्रारंभ हुआ।

प्रवचन देते हुये प.पू. साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी म.सा. ने बताया कि अहं का त्याग कर अर्हम की साधना है चातुर्मास। जन से जैन और जैन से जिन बनने की साधना है चातुर्मास। आराधना से आगे बढ़ने उपासना से ऊपर उठने, भक्ति की भव्यता प्राप्त करने का आवसर है चातुर्मास। ग्वालियर में प्रवेश का मंगल महोत्सव आज उपस्थित हुआ है। प्रवेश जब-जब आता है वो परिवर्तन को परिलक्षीत करता है.

साध्वी जी महाराज का परिचय संजीव पारख ने दिया। स्वागत गीत व मंगलाचरण महिला मण्डल ने किया। ग्वालियर में साध्वी भगवंतो के नगर प्रवेश शोभायात्रा में शामिल होने के लिये आये हुये अतिथियों दल्ली राजहरा से राजेन्द्र नाहटा, खरियार रोड से ताराचंद चतुरमूथा, नवसारी से महेन्द्र भंसाली, अमृतलाल छाजेड शुजालपुर से बबलू ओस्तवाल, जावरा से ज्योतिषाचार्य रोहित सोनी, नरसिंहगढ़ से वहां के संघ के अध्यक्ष प्रवीण मेहता, नागपुर से कमल धारीवाल, राकेश गोलेच्छा, विजय झवेरी, दिल्ली से संजय खजांची, अभिषेक खजांची और जयपुर से माणक लाल का ग्वालियर श्रीसंघ की तरफ से बहुमान किया गया। साथ ही तेरापंथ संघ के अध्यक्ष निर्मल जैन एवं सकल जैन समाज के महामंत्री अशोक वैद का स्वागत श्रीसंघ अध्यक्ष तिलकराज जैन ने किया।

कार्यक्रम का संचालन लोकेश शाह एवं संजीव पारख ने किया। इस अवसर पर खेमचंद पारख, कपूरचंद कोठारी, निर्मल कोठारी, मनोज पारख, मनोज बांठिया, प्रीतेश बच्छावत, अमित श्रीश्रीमाल, दिलीप बांठिया, विनय कोठारी, अरिहंत पारख, नितिन पारख, भूषण बांठिया, विशाल बोथरा, हर्षित नाहटा, राजेन्द्र नाहटा, विवेक जैन, उदय भंसाली, भूपेन्द्र भंसाली आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गंदगी मिलने पर कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 जुलाई. निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी मिलने पर सहायक स्वच्छता अधिकारी शरण कुमार क्षेत्र क्रमांक 3,4,5 एवं सहायक स्वच्छता अधिकारी मनीष श्रीवास क्षेत्र क्रमांक 02,06,07 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

उपायुक्त स्वास्थ्य अमर सत्य गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर को साफ व स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इसी क्रम में सहायक स्वच्छता अधिकारी शरण कुमार के क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 15 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान झलकारी बाई रोड, पेट्रोल पंप मुरैना रोड पर जगह जगह गंदगी व कचरे के ढेर पाये गए व डिवाइडरों के पास गंदगी पायी गयी एवं मुख्य मार्गों पर नाली नालों के मुहानों पर अत्यधिक गंदगी पाई गई।इसके साथ ही सहायक स्वच्छता अधिकारी श्री मनीष श्रीवास के क्षेत्रांतर्गत वार्ड 02 व 03 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नशा मुक्ति के सामने पागलखाना, पागलखाना चौराहा डॉ. दौहरे के पास जगह जगह गंदगी व कचरे के ढेर पाये गए व डिवाइडरों के पास गंदगी पायी गयी एवं मुख्य मार्गों पर नाली नालों के मुहाने पर अत्यधिक गंदगी मिली.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 22 वार्ड क्रमांक 62 प्लाट क्रमांक 66 व स्थान पटेल का पुरा सेंथरी में स्थित है जो कि मुकेश शर्मा पिता मुंशीलाल शर्मा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक .... पर दर्ज है / नहीं है जिसका क्षेत्रफल 820 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 142592022 ए 11070097 दिनांक 21/10/2022 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी पर दिनांक 02/07/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 87/2015/20927 /20664 प्र.क्र ....*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 02-07-2025
आवेदक का नाम/पता/मो.नं.
श्रीमती रिंकी शर्मा/अनूप कुमार शर्मा
पता- 15 बटालियन, एसएएफ क्वार्टर नं. 275,ग्वालियर म.प्र.
मो. 7566366637

पेड़ जीवन का आधार है :चाकणकर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 जुलाई. बारिश का मौसम चल रहा है किस मौसम में पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन में हमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। एक पौधा लगाकर उसके पोषण का भी दायित्व लेकर आगे बढ़ेंगे तो निश्चित तौर पर पर्यावरण संरक्षण में हर आमजन मानस की सक्रिय भूमिका रहेगी,यह बात जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने शासकीय हाईस्कूल बहोड़ापुर और शास हाई स्कूल गेंडेवाली सड़क पर अवलोकन के दौरान विद्यार्थियों से कही, श्री चाकणकर ने कहा कि इस समय एक पेड़ माँ के नाम लगाने का अभियान चल रहा है एक पेड़ मां के नाम' पहल का सार प्रतीकात्मक रूप से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना है. यह सरल कार्य दोहरे उद्देश्य को पूरा करता है. जीवन को पोषित करने और धरती के स्वास्थ्य में योगदान देने के लिए माताओं की भूमिका का सम्मान करना. पेड़ जीवन का आधार हैं और एक मां की तरह वे अगली पीढ़ी के लिए पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं. इस पहल के माध्यम से, लोग अपनी माताओं के लिए आदर स्वरूप एक पेड़ लगाकर एक स्थायी स्मृति प्रतीक बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की तत्काल आवश्यकता को भी पूरा कर सकते हैं. श्री चाकणकर ने कहा कि हम जो फल जैसे आम जामुन आदि खाते हैं उसे खाने के उनकी गुठलिया सूखा ले और जब भी रेल, बस या अपने वाहन से कहीं जाना हो तो यह रास्ते के किनारे या जंगल में इन बीजो को गाड़ दें अपने आप फलदार पौधे उग आएँगे इससे पूर्व श्री चाकणकर ने जीवन में योग का महत्व बताते हुए योगाभ्यास भी कराया

प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के बैग का उपयोग करने के लिए किया जागरूक

ग्वालियर 3 जुलाई. नगर निगम द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग अलग देने के लिए आमजन को जागरूक किया गया तथा प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के बैग का उपयोग करने के लिए आमजन से आग्रह किया।

आईईसी के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार नगर निगम की सहयोगी संस्था डीवाईन और म्यूस के सदस्यों द्वारा वार्ड 13, 34, 45, 60 में डोर टू डोर सेग्रीगेशन कार्य किया गया।

सड़कों पर पेच रिपेयरिंग कर यातायात को किया सुगम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 जुलाई. सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत गोला का मंदिर से सूर्य नमस्कार आकाशवाणी, नयापुल, बैजाताल, सिंधिया स्टेच्यू, इंदरगंज गोलम्बर, जीवाजी क्लब, ऊंटपुल, पाटनकर, बाडा, सराफा बाजार, गस्त का ताजिया, नई सड़क, हनुमान चौराहा, रतन कॉलोनी गेट पर, मंशापुण हनुमान मंदिर पार्क रोड, शिंदे की छावनी से रामदासघाटी, शंकरपुर स्टेडियम के पास, दादी की बगिया, नेहरू कॉलोनी, अयोध्या नगरी आसमानी माता मंडी शंकर कॉलोनी, लक्ष्मीबाई कॉलोनी, बृजधाम कॉलोनी, कृष्णा पुरम आदित्यपुरम, चौडे के हनुमान मंदिर , पीएचई कॉलोनी, पिपरोली स्कूल में, ग्रीन गार्डन आदि स्थानों पर पैच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।